
उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

मथुरा के बाजना में सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ाकर धड़ल्ले से लग रही पशु पैंठ, लम्पी स्किन डिजीज के खतरे के बीच प्रशासन बेखबर।



08.2026 के कम में निर्देश दिये गये हैं कि जिसे क्षेत्र में लम्पी स्किन डिजीज बीमारी पायी जाये वहॉ पर पशुबाजार एंव पशुमेला को पूर्णतः प्रतिबन्ध किया जाये।

अतः आपको आदेशित किया जाता है कि जनपद में लम्पी स्किन बीमारी के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक पशुबाजार/पशुमेला संचालन पूर्णतः बन्द रखें।

(डा0 नरेन्द्र नारायण शुक्ला)
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी
मथुरा।

पत्रांक / प्रतिबन्ध/2026–27 दिनांक
प्रतिलिपिः–
1– अपर मुख्य सचिव,पशुधनउ0प्र0 शासन,लखनऊ।
2– मण्डलायुक्त आगरा मण्डल आगरा।
3– निदेशक प्रशासन एंव विकास पशुपालन विभाग उ0प्र0 लखनऊ।
4– निदेशक रोग नियन्त्रण एंव प्रक्षेत्र पशुपालन विभाग उ0प्र0 लखनऊ।
5– अपर निदेशक ग्रेड–2 पशुपालन विभाग आगरा मण्डल आगरा।
6– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मथुरा।

संवाददाता खुशांत गुप्ता बाजना (मथुरा)।प्रशासनिक दावों और जमीनी हकीकत में कितना फर्क होता है, इसका जीता-जागता उदाहरण बाजना क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। जनपद मथुरा में गौवंश और अन्य मवेशियों में खतरनाक 'लम्पी स्किन डिजीज' (Lumpy Skin Disease) के संक्रमण को रोकने के लिए प्रशासन ने भले ही कागजों पर पशु मेलों को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया हो, लेकिन बाजना में यह प्रतिबंध पूरी तरह बेअसर साबित हो रहा है। यहां खुलेआम सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए पशु पैंठ लगाई जा रही है।सरकारी आदेशों को ठेंगा, जुटे सैकड़ों पशु और व्यापारीप्राप्त तस्वीरों और स्थानीय इनपुट के अनुसार, बाजना के इस पशु बाजार में बाकायदा टेंट और तिरपाल लगाकर सैकड़ों की संख्या में भैंसें और अन्य दुधारू पशु लाए जा रहे हैं। सोशल डिस्टेंसिंग या किसी भी प्रकार के सुरक्षा मानकों का पालन किए बिना व्यापारी और पशुपालक भीड़ लगाकर पशुओं की खरीद-फरोख्त में जुटे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि यह सब मुख्य पशुचिकित्साधिकारी मथुरा (डॉ. नरेन्द्र नारायण शुक्ला) के उस सख्त आदेश के बाद हो रहा है, जिसमें उन्होंने तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक जिले की सभी पशु पैंठों को बंद रखने का निर्देश दिया था।

एक नज़र में

आलापुर में युवक ने पत्नी और सास पर धारदार हथियार से किया हमला।
दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, बरेली हाईवे के बलदेव रोड अंडरपास के पास से पुलिस ने दबोचा।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

आलापुर में युवक ने पत्नी और सास पर धारदार हथियार से किया हमला।



संवाददाता इंद्रेश कुमार मिश्रा अंबेडकरनगर। थाना आलापुर क्षेत्र अंतर्गत एक युवक द्वारा अपनी पत्नी और सास पर धारदार हथियार से हमला कर घायल किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी।बताया जा रहा है कि युवक का अपनी पत्नी और सास से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर युवक ने धारदार हथियार से दोनों पर हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

Uncategorized

दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, बरेली हाईवे के बलदेव रोड अंडरपास के पास से पुलिस ने दबोचा।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी राया। थाना राया पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे 21 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को बुधवार को बरेली हाईवे स्थित बलदेव रोड अंडरपास से करीब 20 मीटर आगे से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना राया में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है।पुलिस के अनुसार 18 सितंबर 2026 को पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि चामुंडा गली निवासी सोहेल पुत्र अब्दुलरहमान उर्फ रहमान उसकी 19 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया था।

UJALASPEEDNEWS · ujalaspeednews.com · यह अंक वेबसाइट की खबरों से अपने-आप बना है।